# हे भानुदुलारी रखो अपने धाम भजन लिरिक्स

हे भानुदुलारी रखो अपने धाम,
रटूं सुबहो शाम मधुर तेरो नाम,
रटूं सुबहो शाम मधुर तेरो नाम।bd।

तर्ज – ना जी भर के देखा।

---

है बरसाना तेरा मुझे जां से प्यारा,
कृपा तेरी मेरे जीने का सहारा,
कुंजन में बिताऊं जीवन आठों याम,
रटूं सुबहो शाम मधुर तेरो नाम,
रटूं सुबहो शाम मधुर तेरो नाम।bd।

---

करूँ भिक्षा मधुकरी रसिको से तेरे,
लिखो टूक जो फिर तुम भाग्य में मेरे,
इस मतलब की दुनिया से मुझको ना काम,
रटूं सुबहो शाम मधुर तेरो नाम,
रटूं सुबहो शाम मधुर तेरो नाम।bd।

---

है दिल की तमन्ना चरण रज मैं पाऊं,
तुझे मेरी श्यामा मैं कैसे रिझाऊं,
मिले तेरे चरणों में मन को विश्राम,
रटूं सुबहो शाम मधुर तेरो नाम,
रटूं सुबहो शाम मधुर तेरो नाम।bd।

---

ना छोड़ूंगा दामन तेरा जिंदगी में,
पियूँ रस का प्याला तेरी बंदगी में,
मैं पागल हूँ चाहे कहे जग तमाम,
रटूं सुबहो शाम मधुर तेरो नाम,
रटूं सुबहो शाम मधुर तेरो नाम।bd।

---

ना ठुकराना श्यामाजू मेरा नजराना,
फिर मारेगा ताना नहीं तो जमाना,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

गोपाली प्रिया बैठा दिल अपना थाम,
**Bhajan Diary Lyrics,**
रटूं सुबहो शाम मधुर तेरो नाम,
रटूं सुबहो शाम मधुर तेरो नाम।**bd**।

---

हे भानुदुलारी रखो अपने धाम,
रटूं सुबहो शाम मधुर तेरो नाम,
रटूं सुबहो शाम मधुर तेरो नाम।**bd**।

**Singer – Divya Jyoti**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com